हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च 2025

13 वरिष्ठ सैन्य अधिकारी से दुर्व्यवहार को लेकर ...




14 ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन कौंसिल ...




## खबर संक्षेप



### सिढ़ान में गेहूं में अज्ञात कारणों से लगी आग

**तोशाम।** गांव सिढान में किसान के खेत में खड़े गेहूं में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने के कारण किसान के डेढ़ एकड़ में खडे गेहूं जल कर राख ही गए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। किसान ने प्रसाशन से उचित मुआवजे की मांग की है ताकि उसके नुकसान की भरपाई हो सके। किसान कुलदीप ने बताया कि करीबन 2 बजे उसके पास फोन आया कि उसके खेत मे आग लगी गई। उसने खेत मे पहुंचकर देखा तो आग लगी हुई थी। आग लगी देखकर पड़ोसी किसान भी ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंच गए। किसानों ने ट्रैक्टरों की सहायता से आग पर क़रीबन आधे घन्टे में काबू पाया। किसान कुलदीप ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया। किसान ने प्रसाशन से उचित मुआवजे की मांग की है ताकि उसके नुकसान की भरपाई हो सके।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 26 को

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि राजकीय आईटीआई भिवानी में 26 मार्च को प्रात 09.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में फीटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, आरएसी, ट्रेक्टर मैकेनिक, टीपीईएस, शीट मेटल, फाउंड्रीमैन ट्रेड से पास विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। आईटीआई प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में सुब्रोश लिमिटेड मोहाली व मानेसर के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट हेतु चयन करेंगे। आईटीआई पास छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष तक हो वह भाग ले सकते हैं।

### कलस्टर स्तरीय बैठक का आयोजन आज

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव जी राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कलस्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कलस्टर के सभी 14 विद्यालय मुखिया हिस्सा लेंगे। बैठक सीआरसी-कम-प्राचार्या संतोष भाकर के नेतृत्व में आयोजित होगी। विद्यालयों को समय पर पहुंचने के लिए एबीआरसी राज कुमारी द्वारा सभी को सूचित किया गया। सीआरसी-कम प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि हर माह कलस्टर की बैठक का आयोजन किया जाता है और विभाग के ऐजेंडों के बारे शिक्षकों को मोटिवेट किया जाता है। नए सत्र को लेकर दाखिला संख्या में बढ़ोतरी को लेकर योजनाएं बनाई जा रही है। सभी विद्यालय मुखियाओं को इसके बारे में बताया जाए ।

### परसराम हेतराम स्कूल में मेगा सर्विस कैंप कल

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से कल यानी 26 मार्च को एक मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रशासन के विभिन्न विभागों की तरफ से स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम संजीव काजला ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से कल 26 मार्च को परस राम हेतराम स्कूल में आम नागरिकों को जन सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन हो रहा है.कैंप में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत मौके पर ही आवेदन करवाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल जांच, दंत चिकित्सक, मनोचिकित्सक साथ ही ऑस्कर हॉस्पिटल, ऑर्थोपेडिक सर्जन, मेडिकल जांच तथा नेत्र जांच आदि की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# गर्मी के तेवर तल्ख, सूखने लगे जोहड़ व जीव-जंतुओं के हलक

## दर्जन से ज्यादा गांवों के जोहड़ों में नहीं बचा पानी का स्टॉक, पानी भरवाने की मांग

■ ग्रामीणों की मांग : जोहड़ पर कच्चे नाले का निर्माण या पाइप लाइन की करें व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अभी सही ढंग से गर्मी की शुरुआत भी नहीं हुई है,लेकिन पीने के पानी की समस्या विकट होने लगी है। लोगों के पीने के लिए तो पानी उपलब्ध हो रहा है,लेकिन पशुओं के लिए पीने के पानी की समस्या ज्यादा विकराल होने लगी है। हालात ये बने है कि जिले में करीब एक दर्जन से ज्यादा ऐसे गावं है। जिनके तालाबों में पानी नहीं है। ऐसे में पशुपालक अपने पशुओं को कुंओं से पानी खींचकर पिला रहे है। जबकि कुंओं का पानी पूरी तरह से खारा है। उसी से पशुपालक अपने पशुओं की प्यास बुझा रहे है। शहर के आसपास के गांवों में पानी की समस्या तो है ही साथ में कस्बों में बने तालाबों में भी पानी की किल्लत बनी है। कई तालाब तो ऐसे है। जिनमें स्वच्छ की बजाए गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी जमा है। पशुपालक उसी पानी को अपने पशुओ को पिला रहे है।





भिवानी। गांव नांगल के सूखे जोहड़ का दृश्य और जोहड़ में पानी न होने पर विरोध जताते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन,

इसी मुद्दे को लेकर गांव नांगल के ग्रामीण सरपंच मा. कुलदीप की अगुवाई में उपायुक्त से मिले तथा उन्हे ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या बताई। सरपंच मा. कुलदीप व गांव के श्याम दीवाना मंडल के अध्यक्ष सत्यवान सिंह ने बताया कि गांव की बरसात के समय से ही गांव में एक जोहड़ है। जिसमें पानी की सप्लाई ना तो नहरी माध्यम से है तथा ना ही पाईप लाईन बिछी हुई है। जिसके चलते यह जोहड़ मात्र बरसाती पानी पर निर्भर रहता है। जो अब पूर्णतया: सूख गया है व गर्मी का सीजन भी आ गया है। ऐसे में उनकी मांग है कि गांव के इस जोहड़ी की छटाई करके इसे भरने के लिए नहरी पानी की व्यवस्था की जाए। इसके लिए उन्होंने आज समाधान शिविर में उपायुक्त व अतिरिक्त उपायुक्त को अपना ज्ञापन देकर यह मांग की है कि गांव के सूख चुके तालाब में पानी की व्यवस्था के लिए तालाब से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर नहर तक या तो कच्चा नाला बनाया जाए या पाईप लाईन दबाकर पानी की व्यवस्था की जाए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुनील मान, जगबीर मान, सोलू, मौजिया, सत्ते सिंह, अधिवक्ता अग्निवेश, विकास, सोनू, वेदप्रकाश, रोहित, दलीप, नवीन, प्रवीण कुमार मोहित दुहन, जयसिंह, बलजीत, जगबीर सिंह सहित विभिन्न ग्रामीण मौजूद रहे।

**500 में मंगवा रहे पानी का टैंकर**

गांव नांगल के ग्रामीण गांव के तालाब को सूखने से चिंतित है। क्योंकि अब तालाब सूखने से पशुपालकों को अपने पालतू पशुओं के नाहने व पानी पिलाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। गांव में पीने के पानी की समस्या भी बनी हुई है तथा गांव को 500 रुपये में हर दूसरे-तीसरे दिन टैंकर खरीदकर पीना पड़ रहा है जिसके चलते आर्थिक मार पड़ रही है।




बवानीखेड़ा। थाने में शिकायत देने जाते हुए। फोटो :हरिभूमि

# यूनियन कर्मचारियों ने थाना प्रभारी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ थाना प्रभारी ने उचित कार्रवाई करने का दिया आश्वासन

■ गांव औरंगनगर में कर्मचारी के साथ हुई थी मारपीट

क्षेत्र के गांव औरंगनगर में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जल घर के कार्यालय में गत दिनों हुए कर्मचारियों के साथ मारपीट को लेकर यूनियन कर्मचारी व अधिकारी सोमवार दोपहर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार से मिले तथा उन्हें एक लिखित शिकायत दी। वहीं थाना प्रभारी ने उन्हें उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। जानकारी अनुसार औरंग नगर के जल घर में गत दिनों हुई वहां पर मौजूद कर्मचारी संदीप के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने गाली गलौज कर मारपीट की तथा जलकर की मोटरों को चलाने वाला स्टाटर आदि बिजली के उपकरण तोड़ दिए। इसकी सूचना उसने अपने उच्च अधिकारियों को दी। तथा स्टार्टर टूटने के बाद पानी सप्लाई में बाधा पहुंची। सूचना मिलने के बाद एक अन्य कर्मचारी सुभाष नष्ट हुए बिजली उपकरणों को ठीक करने के लिए जल घर जा रहा था तभी उक्त आरोपी ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट कर उसके कपड़े तक फाड़ डालें। जिसकी सूचना कर्मचारियों ने जल घर के जेई सचिन कौशिक व उप मंडल अधिकारी को दी। इसी मामले को लेकर यूनियन के कार्यकारी प्रधान अमरजीत सिप्पर के नेतृत्व में कर्मचारियों का दल सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार से मिला और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत दी। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि कर्मचारियों ने उन्हें उक्त मामले के बारे में अवगत करवाया है। वह उचित कार्रवाई करेंगे उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारियों के साथ मारपीट करना व सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाना निंदनीय है। वह इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

# महिलाएं व बच्चे मदद के लिए 181 पर करें संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ सीजेएम पवन कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम पवन कुमार ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की, जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है।

उन्होंने यहां तैनात अधिकारी से कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर पर मदद के लिए आने वाली हर पीड़ित महिला, जिसे निःशुल्क कानूनी सहायता या वकील की सेवाएं चाहिए, वह तुरंत जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टाप सेंटर द्वारा हिंसा की शिकार महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए, ताकि मुश्किल की घड़ी में महिलाओं को इस केंद्र से सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि अगर आम लोगों में इस बारे में जागरूकता होगी तो जरूरतमंद महिलाएं जरूरत पड़ने पर इस सखी वन सेंटर का लाभ उठा सकेंगी। सीजेएम-कम-सचिव ने कहा कि महिलाएं व बच्चे मदद के लिए हेल्पलाइन 181 पर संपर्क कर सकते है। इस हेल्पलाइन से महिलाओं व बच्चो को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभ मिलने में आने वाली परेशानियों के समाधान, हिंसा और उत्पीड़न की शिकायतों के लिए बनाया गया है। हिंसा से प्रभावित महिलाओं को 24 घंटे आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर का मुख्य उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को एक छत के नीचे एकीकृत समर्थन और सहायता प्रदान करना है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने बताया कि सखी सेंटर में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में दुष्कर्म, घरेलू हिंसा, तेजाब पीड़ित, मानव तस्करी, बाल विवाह, साइबर क्राइम, गायब होने, अपहरण, दहेज आदि महिलाओं व लड़कियों को वन स्टाप सेंटर पर तत्काल मदद मुहैया करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाओं को एक फोन काल पर तत्काल मदद, पीड़ित महिलाओं के लिए मेडिकल जांच इलाज की व्यवस्था, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके लिए रोजगार उपलब्ध करवाना, आपात स्थिति में रहने-खाने और इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती हैं।

# रोहतक से लापता फिजियोथैरेपिस्ट टीचर का चरखीदादरी में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

रोहतक से लापता फिजियोथैरेपिस्ट टीचर का शव दादरी जिले के गांव पैंतावास के खेतों से बरामद हुआ। मृतक फरवरी से किराए के मकान से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ था। रोहतक पुलिस ने दादरी पुलिस की मदद से शव को बाहर निकाला। इस दौरान आईपीएस दिव्यांशी सिंगला भी मौजूद रही। झज्जर जिले के गांव मांडोठी निवासी जगदीप (48) बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में फिजियोथैरेपिस्ट का टीचर था। जो रोहतक की जनता कालेज कालोनी में किराए के मकान में रहता था। मृतक के ताऊ ईश्वर सिंह ने बताया कि जगदीप करीब महीने पहले संदीप परिस्थितियों में लापता हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। इस व्यक्ति की निशानदेही पर सोमवार को रोहतक सीआईए व एफएसएल टीम दादरी के गांव पैंतावास पहुंची। रोहतक पुलिस ने दादरी पुलिस की निशानदेही पर जोहड़ के समीप खुदाई करवाई। इसके कुछ देर बाद समीप ही जगदीप का शव बरामद हुआ। हत्या के बाद शव को जमीन में दबाया गया था। आईपीएस दिव्यांशी सिंगला ने बताया कि इस मामले की जांच रोहतक पुलिस कर रही है।

# सीजेएम पवन कुमार ने किया बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम पवन कुमार ने बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की ओर से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आश्रम के प्रबंधक समिति से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने आश्रम समिति सदस्यों को शिक्षा के सुधार संबंधी जरूर निर्देश दिए। आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रत्येक दिन अलग-अलग डाइट चार्ट बनाकर प्रोटीन युक्त भोजन दिया जाए व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के भी निर्देश दिए।

# गोलागढ़ में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ परिवार पहचान पत्र सहित विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियां ठीक की जाएगी

लोगों से संवाद स्थापित करने की कड़ी में मंगलवार शाम 25 मार्च को दोपहर बाद 2.30 बजे गांव गोलागढ़ के वीर शहीद महिपाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपायुक्त महावीर कौशिक और पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल नागरिकों की शिकायतें सुनेंगे।

नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि उपायुक्त महावीर कौशिक मंगलवार शाम 25 मार्च को जिला के गांव गोलागढ़ में ग्रामीणों से रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान संवाद करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी स्टॉल लगाकर परिवार पहचान पत्र सहित विभिन्न दस्तावेजों में त्रुटियां ठीक की जाएगी। वही सरकार की जनहित कार्य नीतियों की जानकारी भी जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड ,चिरायु कार्ड , हैप्पी कार्ड,कृषि विभाग की मेरी फसल मेरा बोरा पोर्टल, राशन कार्ड, मनरेगा, वृद्धावस्था पेंशन,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि में त्रुटियों को ठीक करने के लिए बिजली, पानी, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, खेल, कल्याण, समाज कल्याण आदि विभागों द्वारा अलग-अलग हेल्प डेक्स लगाकर अपने-अपने विभाग से संबंधित सेवाएं दी जाएगी और लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# महिला वर्ग में दादरी और पुरुष वर्ग में भिवानी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

■ कुंगड़ में दो दिवसीय हरियाणा राज्यस्तरीय सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कुंगड़ गांव में एमेच्योर कबड्डी एससोसिएसन हरियाणा की तरफ से दो दिवसीय पुरुष- महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कल 36 टीमों ने हिस्सा लिया ,जिसमे जिसमें 21 पुरुष और 15 महिला टीमों ने भाग लिया। कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप दलाल ने बताया कि इस तरह के खेलों का आयोजन का मुख्य कारण गांव के अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखरना है। उन्होंने बताया कि गांव में विश्व सत्र के खिलाड़ी अपने गांव तक की सीमित हो जाते हैं वह आगे नहीं बढ़ पाते। संगठन का गांव में छुपी प्रतिभाओं को निखरना तथा उन्हें सही मार्ग दिखाकर आगे बढ़ाना है ताकि वह अपने हुनर तथा प्रयासों के चलते विश्व में ख्याति प्राप्त कर सके।

2 दिन तक चले मुकाबले में महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर दादरी और पुरुष वर्ग में भिवानी टीम ने सफलता हासिल की। मुख्यातिथि राजसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। बताया कि आज युवाओ में खेलो के प्रति रुझान बढ़ रहा है वह खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य निर्माण का संकेत है। हरियाणा प्रदेश में युवा आज नशे-बुराई को छोड़ खेल वर्ग में आगे बढ़कर देश-प्रदेश में नाम रोशन कर रहे है। ग्राम पंचायत संसाधन वितरण को लेकर उन्होंने बताया कि गाव में साफ सफाई व्यवस्था सुधार को लेकर कूड़ा उठाने के लिए ट्रेक्टर-ट्रॉली और पानी टेंकर की मांग अनुसार उन्होंने मंजूर कर वितरण किया है और जल्द ही ग्रामीण मांग पर खेल स्टेडियम में लाइट और दो पंचायत की तरफ चौपाल निर्माण की जो मांग की गई उसे भी जल्द ही पूरा किया जाएगा। प्रदेश में हरियाणा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका सम्मान के प्रयास से कार्य कर रही है।

## शहीद भगत सिंह युवा क्लब ने करवाया स्पर्धा का आयोजन

# नशा मुक्ति दौड़ प्रतियोगिता में खूब दौड़े धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम द्वारा सोमवार को शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में नशा मुक्ति दौड़ प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें डॉक्टर नरेंद्र दलाल, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान, जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्ण वर्मा सुंगरपुर ने बतौर अतिथि शिरकत की।



इस दौरान उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। इससे पहले आए हुए अतिथियों ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम के प्रधान संदीप पंघाल ने कहा कि यह दौड़ प्रतियोगिता इनामी प्रतियोगिता के साथ- साथ नशा मुक्ति दौड़ प्रतियोगिता है। जिससे कि युवाओं में नशा न करने का संदेश पहुंचे और हमारा समाज नशा मुक्त बने। कार्यक्रम के दौरान बतौर अतिथि पहुंचे युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान तथा डॉ. नरेंद्र दलाल ने कहा कि शहीद भगत सिंह युवा क्लब द्वारा युवाओं को नशा मुक्त बनाने का यह अच्छा प्रयास है ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे कि समाज में फैली विभिन्न प्रकार की कुरीतियों का खत्मा हो सके। प्रधान संदीप पंघाल का कहना था की नशा मुक्त दौड़ प्रतियोगिता के माध्यम से उनका उद्देश्य है कि आज के युवाओं में नशा मुक्ति के प्रति अधिक से अधिक जागरूकता लाना। इस दौरान उपस्थित युवा धावकों में काफी उत्साह दिखाई दिया और दौड़ के दौरान तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में काफी रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस मौके पर गांव अलखपुरा के सरपंच अभय कुमार, हरदीप पंघाल, प्रधान संजय नाफरिया, दिनेश पंघाल, शुभम शर्मा, पवन बागनवाला, रानी मान, प्रदीप, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि सहेली



चैत्र नवरात्र विशेष



चैत्र नवरात्र, मां दुर्गा की आराधना के माध्यम से स्वयं की आत्मचेतना को भी साधने का पावन अवसर बनकर आता है। इस दौरान प्रकृति में होने वाला सुहाना बदलाव, आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा अर्जित करने का परिवेश बनाता है। आइए इस शुभ-पावन सुअवसर में हम भी आत्मशक्ति को जाग्रत करने का प्रयास करें।

# मां दुर्गा की उपासना आत्मशक्ति जगाने वाले दिन

पर्व निहितार्थ
डॉ. मोनिका शर्मा

वासंतिक नवरात्र, मां शक्ति की उपासना के नौ दिन मन की शुद्धि और जीवन की समृद्धि की कामना से जुड़े होते हैं। व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से स्वयं को साधने के प्रयास करने का यह पावन पर्व है। आने वाले नवरात्र, जीवन को हर तरह से उन्नत बनाने का समय है।

## प्रकृति में होता नवसंचार

वासंतिक या कहें चैत्र नवरात्र में पूरे परिवेश में नई चेतना का संचार हो रहा होता है। खिलती प्रकृति के मौसम में आदिशक्ति को साधने का यह उत्सव हमारे भीतर नया उत्साह जगाता है। प्रकृति से जुड़ा सब कुछ दैवीय-सा लगता है। पेड़ों पर फूटती नई कोंपलों में नवसृजन की आहट होती है। कोयल की मीठी कूक हर ओर ऊर्जा बिखेर रही होती है। सचमुच, वासंतिक नवरात्र का यह समय ही नवजीवन का संचार करने वाला है। आस्था के भाव संग मन की ऊर्जा उपार्जित करने का परिवेश बनाता है।



## सकारात्मक भावों से जुड़ाव

नवरात्र के उपवास और आस्था से जुड़ी सोच से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। संयम, नियम के पालन से शरीर और मन की शुद्धि होती है। शक्ति की उपासना से जुड़ी आस्था से उपजा शुद्धता का यह भाव सजग और चेतन अस्तित्व से जोड़ता है। शांत, स्थिर और सधा हुआ विश्वास मन को बल देने वाला होता है। मां दुर्गा की आराधना के नौ दिन भीतर की सकारात्मक ऊर्जा से साक्षात्कार करने का उत्सव बनकर आते हैं।

असल में यह पर्व मन की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देता है। दुःख-तकलीफ से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मां दुर्गा की उपासना, स्त्रियां पूरे मन से करती हैं। अपने लिए ही नहीं, अपने परिवार की कुशल कामना के लिए मां से आशीर्वाद मांगती हैं। अपने चेतनामयी अस्तित्व के लिए प्रार्थना करती हैं। हालांकि आज भी महिलाओं को बहुत से मोर्चों पर जाग्रत होने की दरकार है। महिलाओं के सामने घर के भीतर और बाहर जितनी भी परेशानियां आती हैं, उनकी एक बड़ी वजह अपने ही अस्तित्व को लेकर सजग न होना ही है। हर अच्छे-बुरे व्यवहार के प्रति स्वीकार्यता का भाव सही नहीं होता। विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर अपने जाग्रत अस्तित्व को समाज के सामने लाना बहुत आवश्यक है। नवसृजन का उल्लास बिखेरती प्रकृति के बीच भगवती दुर्गा की उपासना का यह उत्सव वास्तव में ऐसी सोच को पुष्ट करने वाला है। आस्था भरे भावों को वासंतिक छटा के माहौल में उम्मीद और सकारात्मक सोच का साथ भी मिलता है।

## ऋतु परिवर्तन का समय

चैत्र नवरात्र, धार्मिक आस्था और अध्यात्म से ही नहीं जीवन के कई व्यावहारिक पक्षों से जुड़े



दिन भी हैं। ऋतु परिवर्तन के समय में स्वच्छता और संयमित दिनचर्या जरूरी है। विक्रम संवत की शुरुआत के समय आने वाला यह नौ दिन का उत्सवीय अनुष्ठान वैज्ञानिक चिंतन के तार्किक पक्ष का आधार लिए है। मां शक्ति के पूजन के साथ ही बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। प्रार्थना, जप और ध्यान नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं, मन-मस्तिष्क को स्थिरता देते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को डिटॉक्स करती है। यह अनुशासित जीवनशैली स्वास्थ्य और सक्रियता बनाए रखती है। मौसम के मुताबिक अपनों की संभाल-देखभाल करने वाली स्त्रियां सदा से ही इन वैज्ञानिक बातों को भी आस्था के भाव संग समझती आई हैं। मौजूदा दौर में भी महिलाओं का यह भाव-चाव कायम है।

## बेटियों के पूजन की रीत

हमारे यहां शक्तिस्वरूपा के रूप में बेटियों के पूजन की रीत है। व्यावहारिक और धार्मिक धरातल पर जुड़ी आस्था संग सधी दिनचर्या के साथ नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। सर्दी के पूरी तरह खत्म होने और तपिश के मौसम की शुरुआत के समय नियमपूर्वक मां आदिशक्ति के नौ रूपों को नमन कर व्रत-अनुष्ठान किए जाते हैं। एक ओर परिवर्तन के इस काल में प्रकृति नवीन हो जाती है तो दूसरी ओर मन श्रद्धा के भावों से भरा होता है। बदलते परिवेश में ये दिन भीतरी परिवर्तन लाने की शक्ति देते हैं।

## अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर

चैत्र नवरात्र के पहले दिन से नववर्ष की शुरुआत होती है। ऋतुओं का यह संधि काल शारीरिक सेहत ही नहीं, मन का स्वास्थ्य भी बिगाड़ता है। ऐसे में मां दुर्गा की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का अवसर भी है। मन-मस्तिष्क को सबल रखने के लिए शक्ति साध लेने का समय है। स्त्रियां अपनी सृजनशील सोच से परिवार ही नहीं, पूरे परिवेश को थामती आई हैं। अपनों को ही नहीं, परायों को भी संभालने की सोच रखती हैं। गहराई से देखा-समझा जाए तो मातृशक्ति का यही भाव घर-परिवार को थामे हुए है। संयमित, संस्कारित जीवन का आधार है।

# देवी पूजन सामग्री की आध्यात्मिक महत्ता

नवरात्रों में हम सब देवी भगवती के नौ रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस पूजन में हम विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। इनकी आध्यात्मिक महत्ता के बारे में आपको यहां बता रहे हैं।

महात्म्य
अनीता जैन, वास्तुविद

देवी भागवत पुराण के अनुसार, चैत्र नवरात्र में देवी दुर्गा के नौ रूपों की आराधना अत्यंत फलदायी मानी जाती है। यह पर्व भक्तों को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रदान करता है। नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों-शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि जो भक्त श्रद्धा और नियमपूर्वक नवरात्र में देवी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन्हें जीवन में सफलता, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। नवरात्रों में भक्तजन मां की कृपा प्राप्त करने के लिए विभिन्न पूजन सामग्रियों का प्रयोग करते हैं। हर सामग्री का एक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व होता है, जो पूजा की प्रभावशीलता को बढ़ाता है।



**कलश:** कलश स्थापना किसी भी देवी-देवता की पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें देवी की उपस्थिति होती है। कलश में जल भर कर उसमें आम के पत्ते, सुपारी, पंचरत्न और नारियल रखे जाते हैं। आम के पत्ते सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं, सुपारी मंगल कार्यों की सफलता का प्रतीक होती है, पंचरत्न पंचतत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहती है।



**माता का आसन:** माता का आसन लाल या पीले कपड़े पर बनाया जाता है। लाल रंग शक्ति, ऊर्जा और विजय का प्रतीक होता है, जबकि पीला रंग शुभता और ज्ञान का प्रतीक है। देवी का आसन सही तरीके से स्थापित करने से पूजा में स्थायित्व और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। ऐसा माना जाता है कि उचित आसन पर स्थापित देवी की प्रतिमा से घर में शांति और समृद्धि आती है।

**अक्षत:** पूजन में प्रयोग किए जाने वाले चावल को अक्षत कहा जाता है, जिसका अर्थ होता है 'जो खंडित न हो।' यह संपूर्णता, अखंडता और समृद्धि का प्रतीक है। देवी को अक्षत अर्पित करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। विशेष रूप से, हल्दी से रंगे चावल देवी लक्ष्मी और दुर्गा की पूजा में अत्यंत शुभ माने जाते हैं।

**कुमकुम और हल्दी:** कुमकुम और हल्दी देवी पूजन में अनिवार्य माने जाते हैं। कुमकुम सौभाग्य, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है, जबकि हल्दी स्वास्थ्य और पवित्रता का प्रतीक मानी जाती है।

**अखंड दीपक:** नवरात्र में अखंड दीपक जलाने की परंपरा अत्यंत शुभ मानी जाती है। खासतौर पर गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना बहुत ही लाभकारी होता है। यह न केवल वातावरण को पवित्र करता है बल्कि घर में दिव्य ऊर्जा को बनाए रखता है। घी का दीपक जलाने से देवी महालक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है। अखंड दीप जलाने से घर में कोई नकारात्मकता प्रवेश नहीं करती।



**नारियल:** नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है 'शुभ फल'। यह कठोर बाहरी आवरण वाला होता है, जो मनुष्य के अहंकार को दर्शाता है, जिसे त्यागने के बाद ही आंतरिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। देवी को नारियल अर्पित करने से जीवन में उन्नति, सफलता और शांति आती है।

**कपूर और धूप:** कपूर और धूप जलाने से वातावरण शुद्ध और सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। यह बुरी शक्तियों को दूर करता है और मन को शांति प्रदान करता है।

**भोग:** नवरात्र में मां दुर्गा को विशेष भोग अर्पित किया जाता है। नौ दिनों में अलग-अलग प्रसाद चढ़ाने की परंपरा होती है, जैसे- पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन दूध, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केले, छठे दिन शहद, सातवें दिन नारियल, आठवें दिन हलवा और नौवें दिन पूड़ी, खीर या हलवा का भोग अर्पित करने से मां की कृपा प्राप्त होती है।

चैत्र नवरात्र आरंभ होने वाले हैं। इस दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। व्रत के दौरान आपको कोई परेशानी न हो, दिन भर एनर्जी लेवल बना रहे, इसके लिए आपका डाइट प्लान परफेक्ट होना चाहिए। इस बारे में जानिए।

# व्रत के लिए परफेक्ट डाइट प्लान

डाइट सजेशन
अंशु चौहान, डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं पूरे नौ दिनों का उपवास रखती हैं तो कुछ पहले और आखिरी दिन ही व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान ऐसा फलाहार करना चाहिए, जिससे आपको भरपूर एनर्जी मिलती रहे। कुछ लोग व्रत के दौरान कुछ नहीं खाते हैं, लेकिन ऐसा करना स्वास्थ्य के लिहाज से सही नहीं होता है। पौष्टिक फलाहार न खाने से कमजोरी लगने लगती है, क्योंकि आप हाउसवाइफ हों या वर्किंग वूमेन, दिन भर आपको कई तरह के काम तो करने ही पड़ते हैं। ऐसे में आपको जरूरी एनर्जी मिलती रहे, इसके लिए पौष्टिक फलाहार करना आवश्यक है। खान-पान सही ना हो तो व्रत के दौरान आपको कमजोरी, सिर में दर्द, चक्कर आने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए व्रत के दौरान आप यहां बताए जा रहे पौष्टिक आहार का सेवन कर सकती हैं।



## इन्हें करें डाइट में शामिल

व्रत के दौरान आप अपनी डाइट में साबूदाना, समा के चावल, शकरकंद और ताजे फल शामिल कर सकती हैं। ये कार्बोहाइड्रेट के अच्छे सोर्स होते हैं। साबूदाना खिचड़ी और समा के चावल धीमी ऊर्जा रिलीज करने वाले हल्के और सुपाच्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इन्हें आप अपने व्रत के फलाहार में शामिल कर सकती हैं।



**प्रोटीन-फाइबर्स:** मांसपेशियों की मजबूती के लिए मूंगफली, दूध, दही, छाछ का सेवन कर सकती हैं। इनके अलावा कुट्टू, राजगीरा और सिंघाड़े का आटा प्रोटीन और फाइबर के बढ़िया स्रोत होते हैं। दिमाग और शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए नारियल, ड्राई फ्रूट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू और मखाना खा सकती हैं। शरीर में पर्याप्त विटामिंस, मिनरल्स और हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए नारियल पानी, फलों का जूस और नीबू पानी पीना फायदेमंद है, जो इलेक्ट्रोलाइट्स बैलेंस के साथ-साथ हाइड्रेशन को भी मेंटेन रखते हैं।

**सुबह-दोपहर में क्या लें:** सुबह के समय शरीर को हाइड्रेट करना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए



नाश्ते में स्मूदी और एनर्जी से भरपूर फ्रूट्स सही समय पर लेना जरूरी है। इससे सुबह के कामों को निपटाने के लिए आपको भरपूर मात्रा में ऊर्जा मिलेगी। ऐसे पौष्टिक नाश्ते को करने से काम-काजी महिलाओं को भी ऑफिस वर्क के दौरान घंटों तक एनर्जी बनी रहेगी। आप सिंघाड़े या कुट्टू के आटे की रोटी, लौकी की सब्जी और दही दोपहर के भोजन में ले सकती हैं। शाम के समय हल्का लेकिन एनर्जी-बूस्टर स्नैक्स जरूरी है। शकरकंद चाट, लंबे समय तक आपको ऊर्जा देगा।

**डिनर में क्या लें:** रात का आहार हल्का और सुपाच्य होना चाहिए ताकि नींद अच्छी आए। इसमें समा के चावल की खिचड़ी और सोने के कुछ समय पहले गर्म दूध और खजूर रात में शरीर को ऊर्जा देने के लिए लाभदायक हैं।

इस तरह व्रत के दौरान सुबह से लेकर रात तक अपने आहार के बारे में छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखेंगी तो अपनी दिनचर्या और हेल्थ को ठीक रख सकती हैं।

प्रस्तुति: संध्या रानी

# मेकअप रहेगा लॉन्ग-लास्टिंग आपको मिलेगा चार्मिंग लुक

मेकअप
सरिता गुप्ता

नवरात्रों के दौरान धार्मिक आयोजनों में अकसर शामिल होना होता है। ऐसे आयोजनों में आपका मेकअप भी सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव होना चाहिए। हम आपको यहां मेकअप करने का ऐसा तरीका बता रहे हैं, जिनसे ना सिर्फ पसीना कंट्रोल होगा बल्कि आपका चेहरा भी ग्लो करेगा।

**फेस क्लीनिंग:** जब भी आप मेकअप करें तो सबसे पहले फेस को साफ करने के लिए चेहरे पर दो मिनट क्लींजर से मसाज करें। उसके बाद फेस को सुखा लें। फिर लिक्विड मॉयश्चराइजर लगाएं। इसके बाद स्किन के लिए एस्ट्रिंजेंट लोशन लगाएं और कुछ मिनट तक रुकने के बाद फाउंडेशन लगाने से पहले दाग-धब्बों को कंसीलर से कवर कर दें।

**फाउंडेशन का शेड:** फाउंडेशन लेते समय हमेशा अपनी स्किन-टोन का विशेष ध्यान रखें। कभी भी ज्यादा फेयर दिखने के लिए फाउंडेशन का शेड ज्यादा लाइट न लें। आपको सिर्फ अपनी स्किन-टोन से एक शेड लाइटर ही फाउंडेशन लेना है। ध्यान रहे कि शेड आपकी स्किन-टोन से मैच करता हुआ हो। इसके अलावा आप खास मौकों के लिए गोल्ड फाउंडेशन भी खरीद सकती हैं। रात के किसी आयोजन के लिए मेकअप करना हो तो गोल्डन फाउंडेशन के साथ गोल्डन टिंटेड पावडर का यूज भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है।



**फाउंडेशन:** फाउंडेशन हमेशा माथे, नाक और गालों पर जरूर लगाएं। अब इसे हल्के गीले स्पंज से पूरे चेहरे पर एक समान रूप से फैलाएं। हल्का-सा फाउंडेशन पलकों पर लगाकर फैलाएं। अब फाउंडेशन को चेहरे के निचले हिस्से चिन और दोनों तरफ जबड़े की रेखाओं पर लगाएं और इसे अच्छी तरह स्पंज से ब्लेंड करें। इससे त्वचा एक जैसी दिखेगी।

**ब्लशर का यूज:** मेकअप करने के बाद ब्लशर का यूज जरूर करें। ऐसा करने से चेहरे पर बहुत अच्छी शाइन आ जाती है। आप पावडर ब्लशर का ही यूज करें, क्योंकि इसे लगाना आसान होता है। ब्लशर को चीक बोंस पर लगाएं और इसे ब्रश से ब्लेंड करें।

**आईशैडो:** अगर आपको ग्लॉसी मेकअप करना है तो आप आइज पर ब्राउन, कॉपर या गोल्ड आईशैडो का यूज कर सकती हैं। ब्लैक और ब्राउन आईलाइनर भी अच्छे लगते हैं। आखिर में दो या तीन कोट मस्कारा के लगाएं, ध्यान रखें कि हर कोट के सूखने के बाद ही पलकों को ब्रश करें।

**ऐसे लगाएं लिपस्टिक:** मेकअप के बाद लिप्स को लिपस्टिक से हाईलाइट करें। लिप लाइनर का यूज बिल्कुल न करें। इसके कलर्स में पिंक, रेड, ऑरेंज या डार्क ब्राउन शेड्स में से किसी का यूज अपने आउटफिट से मैच करते हुए लगा सकती है।

(मेकअप आर्टिस्ट आरती खन्ना से बातचीत पर आधारित)

किसी कारण एकाकी जीवन जीने को मजबूर महिलाएं सवालों के घेरे में रहती हैं। वे अभिशप्त जीवन जीती हैं। उनको समाज का एक वर्ग हेय दृष्टि से देखता है। आखिर उन्हें भी हमारी मां, बहन और बेटी की तरह मान-सम्मान क्यों नहीं मिलता?



# एकल नारी भी है सम्मान की हकदार

बदले दृष्टिकोण
एकता शर्मा

कल तक तो वह कुलवधु थी, परिवार में उसका मान-सम्मान था। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है, जब उसके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाने लगता है। वह मासूम समझ नहीं पाती कि अब उसका कोई मान-सम्मान क्यों नहीं है? अगर अपने पति से वह अलग हो जाती है तो क्यों कभी उसके चरित्र पर अंगुली उठाई जाती है तो कभी डाइवोर्सी कहा जाता है? अपवादों को छोड़ दें तो आज भी महिलाओं की ही सहनशीलता पर टिके हैं घर-परिवार। तलाक भी सिर्फ तभी होता है, जब पुरुष पक्ष की प्रबलता हो। महिलाएं तो रिश्तों को बचाने का हर संभव प्रयास करती हैं। महिला तो उस राह पर जाती ही नहीं कि जिस पर उसका और उसके बच्चों का भविष्य गर्त में मिल जाए। फिर भी यह समाज महिलाओं पर ही तंज कसता है। इस दिशा में जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय का महिलाओं के प्रति बदला नजरिया स्वागत योग्य है, जिसके अनुसार किसी महिला को 'डायवोर्सी' नहीं कहा जा सकता है।



**हम स्त्री की विवशता को क्यों नहीं समझते:** एकल नारी का जीवन अभिशाप नहीं है, वह अभिन्न अंग है समाज का। नारी मात्र देह नहीं, देह से परे एक मेधा शक्ति भी है। नारी हमारी संस्कृति की वाहक है, वह संवर्धन की हेतु और सेतु भी है। हम यह क्यों नहीं समझते? कभी-कभी कुछ स्त्रियों को विपरीत परिस्थितियों और असामयिक कारणवश एकल, एकांत जीवन को अपनाना पड़ता है। ऐसे में उनके व्यक्तिगत जीवन पर सवाल उठाना या हस्तक्षेप करना क्या गलत नहीं है? हमें किसी स्त्री की विवशता को समझना चाहिए।

**जीने का समान अधिकार:** एकल महिला को समाज संवेदनशील होकर क्यों नहीं देखता? आज भी हमारे समाज में एकल अविवाहित, तलाकशुदा और परित्यक्त महिलाओं को हेय दृष्टि से देखा जाता है। रूढ़िवादी, पूर्वाग्रही पितृसत्तात्मक समाज का एक वर्ग उन्हें अपनी कलुषित, कुदृष्टि से देखता है। यही नहीं, अशिक्षित वर्ग ही नहीं, पढ़े-लिखे लोग भी एकल महिलाओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते। उनके जीवन पर तरह-तरह के सवाल उठाते हैं। दुखद यह है, इसमें पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी शामिल होती हैं। दंभी पुरुष ऐसी महिलाओं के चरित्र पर लांछन लगाते हैं। समाज में उनका जीना दूभर कर देते हैं। ऐसे लोग भूल जाते हैं कि महिला भी इंसान है। उसे भी जीने का उतना ही अधिकार है, जितना उन्हें। क्यों हम अकसर एकाकी जीवन जी रही महिलाओं को देखकर अपमान भरी टिप्पणी करते हैं? क्या हम कुंठित समाज का हिस्सा हैं? हमें इन महिलाओं का सुख और उनकी स्वतंत्रता क्यों नही बर्दाश्त हो पाती?

**मिले निजता को सम्मान:** हमें समझना चाहिए कि एकल महिलाएं भी अपने स्वाभिमान, स्वावलंबन, आत्म-विश्वास और मेहनत के बल पर किसी अच्छे मुकाम पर पहुंची हैं। अपने बलबूते अपने बच्चों का भरण-पोषण कर रही हैं। याद रहे, नारी भी एक स्वतंत्र चेतना है। उसकी उत्पत्ति का इतिहास भी वही है, जो एक पुरुष का है। ऐसे में एकल नारियों को भी उतना ही सम्मान मिलना चाहिए, जितना अपने घर की मां, बेटी और बहन को मिलता है। यह रेडिकल फेमिनिज्म नहीं है, अपितु किसी की निजता का सम्मान है। यह संवैधानिक दृष्टिकोण ही नहीं, अपितु सभ्य समाज की पहचान है। सतत विकास, सशक्तिकरण, समावेशी दुनिया की बात करने वाले समाज को समानता के आधारभूत सिद्धांत को भी आत्मसात करना चाहिए। तभी हमारे राष्ट्र और समाज का चहुंमुखी विकास होगा।

## खबर संक्षेप

### एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर गोष्ठी का आयोजन

**भिवानी।** जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने गोष्ठी का आयोजन करवाया। इस मौके पर बतौर मुख्यतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल ने शिरकत की तथा विशेष तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने की। इस मौके पर मुख्यतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लोकतंत्र की मजबूती और प्रशासनिक लागत में कमी का माध्यम बताया।

### श्री राम कथा एवं दिव्य सत्संग कल से

**भिवानी।** श्री खाकी बाबा रामचरित मानस मंदिर भिवानी द्वारा 26 मार्च से एक अप्रैल तक दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा मंदिर में श्री राम कथा एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। सर्व व्यवस्था प्रमुख पवन गोयल व कार्यक्रम प्रमुख सुभाष गोयल ने बताया कि श्री राम कथा एवं सत्संग का आयोजन आनंद जी महाराज ऋषिकेश के सान्निध्य में किया जाएगा।

### दो दिवसीय शिव भोलेनाथ के कार्यक्रम में सत्संग

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय शिव भोलेनाथ के कार्यक्रम में सत्संग, वंदे मातरम गायन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 29 मार्च को सांय 4 से 7 बजे तक शोभा यात्रा व 30 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक विद्यालय में औम उच्चारण, सत्संग पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सूबे सिंह, रामबीर शर्मा और बिजेन्द्र शर्मा ने बताया कि 29 व 30 मार्च बवानी खेड़ा के आदर्श वमावि में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### वेटरन संगठन भिवानी व किसान सभा ने प्रदर्शन कर फूंका पुतला

# वरिष्ठ सैन्य अधिकारी से दुर्व्यवहार को लेकर सड़कों पर उतरे संगठन

■ पटियाला में कर्नल के साथ मारपीट ने पंजाब सरकार व कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल : ग्रेवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर पंजाब सरकार का पुतला फूंकते वेटरन संगठन व किसान सभा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

पटियाला में चिंताजनक घटना ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार, कानून व्यवस्था और पुलिस अनुशासन पर सवाल उठाए हैं, वहां कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ और उनके बेटे अंगद सिंह के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की, जिससे देशभर के पूर्व सैनिकों व आमजन में गहरा आक्रोश है।

घटना के विरोध में सोमवार को वेटरन संगठन एवं किसान सभा ने लघु सचिवालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देकर नारेबाजी की तथा पंजाब की आप सरकार का पुतला फूंककर आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सकें। धरने व प्रदर्शन की अध्यक्षता वेटरन संगठन के प्रधान सूबेदार मेजर विरेंद्रसिंह ग्रेवाल ने की। उन्होंने बताया कि बीते 13-14 मार्च की रात को कर्नल बाठ और उनके बेटे पटियाला के रेस्तरां में भोजन कर रहे थे, उसी समय सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन पर लाठी-डंडे और बेसबॉल बैट से हमला कर दिया। हमले की सीसीटीवी फुटेज ने पूरे मामले की गंभीरता को उजागर किया। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर पूर्व सैनिकों में असंतोष बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कर्नल से मारपीट की घटना भारतीय सेना व पूरे देश का अपमान है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मामले में एसआईटी गठित करने तथा एसआईटी में उक्त क्षेत्र का जनरल ऑफिसर कमांडिंग में चेयरमैन बनाया जाना चाहिए, ताकि न्याय मिल सकें। किसान सभा से कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब प्रदेश में गुंडाराज चला रही है।

आप सरकार ने कुछ दिन पहले किसानों से दुर्व्यवहार किया था तथा अब भारतीय सेना के अधिकारी से दुर्व्यवहार सरकार की कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगा रहा है। उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ सेना अधिकारी के साथ मारपीट किसी भी राष्ट्रीय सुरक्षा और पुलिस अनुशासन के लिए घोर अपमान है। मामले में कर्नल बाठ की पत्नी और कई पूर्व सैनिक पटियाला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना देकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कामरेड ओमप्रकाश, कैप्टन कलम सिंह, दिलबाग ग्रेवाल, राजकुमार सिपर, जयचंद, कैप्टन फतेह सिंह, कैप्टन सहरावत, सूबेदार मेजर दिनेश तंवर फूलपुर, नरेश शर्मा, नरेंद्र धनाना, दिलबाग ग्रेवाल, संतोष देशवाल, सुखदेव पालुवास, रतन कुमार जिंदल, सुखबीर सांगवान, नरेन्द्र श्योकंद, राजेंद्र धानक आदि मौजूद रहे।


**भिवानी।** शिविर में स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में 31 लोगों को जांचा, दो संदिग्ध मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग रेडक्रॉस हरियाणा के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में खेड़ी बत्तर क्रेशर पर टीबी जागरूकता एवं सतर्कता अभियान कैंप लगाया। शिविर में 31 लोगों की जांच की गई, जिनमें दो संदिग्ध मिले हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधि बलवान सिंह ने उपस्थित लोगों को टीबी (क्षय रोग) की बढ़ती समस्या, इसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, बशर्ते समय पर इसकी पहचान कर उचित इलाज कराया जाए। साथ ही उन्होंने क्रेशर पर कार्यरत मजदूरों एवं कर्मचारियों से अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच करवाने एवं सही खानपान अपनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, कर्मचारी एवं मजदूरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर लेटिस दलबीर सिंह, रेडक्रॉस से विजय कुमार शर्मा, संदीप तिगड़ाना, हरीश एमपीएच डब्ल्यू, शकुंतला आशा, सुशीला एएनएम, मुकेश, अनुज, नरेंद्र, वीरेंद्र, एडवोकेट अमित, सोनू एसपी, एडवोकेट रोहित, अनिल प्रधान, संजीव असावरी, पवन, पूर्व प्रधान महासिहं, तिलकराज आदि उपस्थित रहे।

# तीसरे शिविर में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब में सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम




चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य मनजीत सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत इस वर्ष का तीसरा एकदिवसीय शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेविकाओं को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराते हुए जानकारी दी गई कि महाविद्यालय में प्रति वर्ष कुल तीन एकदिवसीय शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में एनएसएस पार्क की सफाई, पौधों के रखरखाव तथा स्वच्छता और राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस वर्ष के तीसरे शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब की सफाई की तथा वहां उपस्थित विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया और इसकी महत्ता समझाई। तत्पश्चात, प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर एक जागरूकता रैली निकालकर लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य मनजीत सिंह ने स्वयंसेविकाओं के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से स्वयंसेविकाओं में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर प्रो. राजकुमार, प्रो. राजेंद्र, प्रो. वीरेंद्र डीपी, प्रो. रवि कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण पर प्रतियोगिता

# ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ विद्यालय, ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना था रैली का उद्देश्य : प्राचार्य

जिला के गांव भानगढ़ स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमि विद्यालय में ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

**प्राचार्य ने दिखाई हरी झंडी**

प्राचार्य दिलबाग सिंह बाजिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि इस रैली का उद्देश्य विद्यालय, ग्रामीणों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना और जल, ऊर्जा की बचत व कचरे के प्रबंधन में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों बार जागरूक करने की आवश्यकता है, ताकि वे भविष्य में एक सभ्य व जागरूक नागरिक बन पाए। कार्यक्रम के तहत पर्यावरण के संरक्षण से संबंधित निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, रोल प्ले आदि कार्यक्रम आयोजित करके विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग बनााया गया व हरित विद्यालय क्लब जैसे समूह का गठन करके विद्यार्थियों को पौधरोपण व सालभर उनकी देखभाल करने के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में नरेंद्र सिंह पीजीटी भूगोल, प्रदीप पीजीटी, श्रीभगवान, अरविंद टीजीटी अंग्रेजी, विरेंद्र सिंह डीपीई, मोनिका टीजीटी एसएस, सुनील कुमार एलए का सफल योगदान रहा।

# अधिकारी शिकायतकर्ता को संतुष्ट करके भेजें :एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में रहें मौजूद

एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक शिकायत कर्ता को अधिकारी संतुष्ट करके भेंजे। यदि शिकायत को हल करने में समय लगता है, तो शिकायतकर्ता को प्रक्रिया की पूरी जानकारी दें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविर में मौजूद रहें और शिकायतों को निर्धारित समयावधि में निपटाए अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एडीसी श्री नागपाल सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत को त्वरित निपटाएं और उसका विवरण पोर्टल पर भी अपडेट करें।

समाधान शिविर में एडीसी के समक्ष वार्ड नंबर दो से सुरेश कुमार ने पानी की सप्लाई बारे, सिवाड़ा निवासी बिजेन्द्र पुत्र अमर सिंह ने सिंचाई की नाली खुलवाने बारे, नांगल ग्रामवासियों ने तालाब की खुदवाई बारे, बैंक कॉलोनी निवासी मुकेश कुमार ने सीवरेज सिस्टम दुरूस्त करवाने बारे, कांता देवी ने प्लाट पर कब्जा दिलवाने बारे, मुर्ति देवी ने आधार कार्ड बनवाने बारे समस्या रखी।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर की बैठक

■ पंजाबी धर्मशाला में भाजपा नेता अनिल शर्मा ने गैर सरकारी संगठनों के साथ की बैठक में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम


**तोशाम।** वन नेशन वन एलेक्शन को लेकर पत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

पंजाबी धर्मशाला में भाजपा नेता अनिल शर्मा ने एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर गैर सरकारी संगठनों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अनिल शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से सार्वजनिक धन की बचत होगी वहीं प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर तनाव कम होगा। सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन होगा तो विकास गतिविधियों पर प्रशासनिक ध्यान केंद्रित होगा चुनाव प्रचार के लिए ज्यादा समय मिलेगा। शर्मा का कहना था कि चुनाव की आर्थिक लागत अधिक है, इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें भी हैं। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती। संवेदनशील क्षेत्रों से इन बलों को हटाने और देश में जगह-जगह बार-बार तैनाती के कारण होने वाली थकान तथा बीमारियों के संदर्भ में राष्ट्र को एक बड़ी अदृश्य लागत का भुगतान करना पड़ता है। वहीं पर रोज-रोज के चुनाव से समाज में आपसी द्वेष बढ़ता है और समाज में वर्गीकरण को बढ़ावा मिलता है, जिससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ता है। इस दौरान सैकड़ो लोगो ने दोनों हाथ खड़े करके इस मुहिम को आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। हरियाणा मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम चौहान, युवा स्वच्छता एवं जल संरक्षण अभियान दूल्हेड़ी के प्रदेश अध्यक्ष पवन सैनी, राष्ट्रीय व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष भारत भूषण महता, नई उम्मीद जन सेवा समिति के अध्यक्ष पवन छपारिया ने भी अपने सम्बोधन में "एक राष्ट्र एक चुनाव" के लाभ पर प्रकाश डाला। इस अवसर पूर्व सरपंच नानक राम, पूर्व सरपंच भागमल शर्मा, रुली राम शर्मा, हरिओम शर्मा, ओम शर्मा, दीपचंद भारद्वाज, भगवान परशुराम जनसेवा समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा, युद्धवीर, कमल शर्मा, पूर्व पंच डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री, सुरेश लाठर, अभिषेक, जगदीश सेठ आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

■ प्रशासन की सुशासन नीति को सशक्त बनाने में समाधान शिविर अहम कड़ी : एसडीएम

एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने कहा कि प्रशासन की सुशासन नीति को सशक्त बनाने में समाधान शिविर अहम कड़ी है।एसडीएम डॉ नैन ने आज सोमवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए यह बात कही।

डीसी महावीर कौशिक के दिशा-निर्देशन में सरकारी आदेशों का पालन करते हुए उपमंडल प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निपटारे के उद्देश्य से ब उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज लघु सचिवालय में आयोजित शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। शिविर में एसडीएम डॉ अशवीर सिंह नैन ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

# किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा हिंदुस्तान गम एंड कैमिकल्स भिवानी के संयुक्त प्रयास से खंड सिवानी के गांव लीलस में एक कृषि शिविर लगाया गया। शिविर में किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने के बारे में जागरूक किया गया। बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए चौ. चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत डा. आरके सैनी ने बताया कि ग्वार फसल की भरपूर पैदावार लेने के लिए किसान, जड़ क्षेत्र में वायु-संचार को सुनिश्चित करें। उन्नत किस्मों से बिजाई करने के साथ-साथ प्रति एकड 35 किलो डीएपी भूमि में ड्रिल करें। ग्वार के उखेडा रोग की रोकथाम के लिए कार्बन्डाजिम से बीज उपचार अवश्य करें। कृषि विभाग से पहुंचे विषय विशेषज्ञ डा. संजीन कुमार ने किसानों को बाजरा की से संबंधित प्रश्नो के उत्तर दिए। बारानी क्षेत्रों में नमी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विनय मिश्रा ने किसानों को अंकुरायम प्रयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि अंकुरायम एक जैन-जल-अवशोषक है, जो अपने वजन से लगभग 200 गुणा पानी अवशोषित कर पौधों को उपलब्ध करवाता है, जिससे पौधों का बेहतर विकास होता तथा पैदावार में काफी बढ़ोत्तरी होती है।

### वार्षिक समारोह छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता: फौगाट



**भिवानी।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्राएं।

**चरखी दादरी।** शंकर कॉलोनी स्थित फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में वार्षिक उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि रजत फौगाट एवं डॉ. अस्मिता फौगाट द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ किया गया। मुख्य अतिथि रजत फौगाट एवं डॉ. अस्मिता फौगाट को पुष्पगुच्छ भेंटकर व बैज लगाकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। रजत फौगाट ने कहा कि मोबाइल फोन से इस कच्ची उम्र में खासकर के बच्चों को दूर रखें और जब मोबाइल हाथ में हो तो बच्चों पर निगरानी रखें। जो समय स्क्रीन पर व्यतीत कर रहा है। अगर युवा खेलकूद की दूसरी गतिविधियों में उचित प्रयोग करें तो अच्छा है और सक्रीन को कम समय दें, खेलकूद को ज्यादा समय देने की जरुरत है। बच्चों को विद्यालय की तरफ से पारितोषिक देकर सम्मानित

# भाजपा सरकार ने खिलाड़ियों को दिया पूरा मान-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादर


**भिवानी।** पदक विजेता नितेश लुहाच को सम्मानित करते विधायक सुनील सांगवान।

दादरी से भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा खिलाड़ियों को पूरा मान-सम्मान दिया जा रहा है। यही कारण है कि प्रदेश के खिलाड़ी विदेशों में नाम रोशन कर रहे हैं। आज खेलों के क्षेत्र में रोजगार के अनेक सुनहरे अवसर मौजूद हैं, इसलिए बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। विधायक सुनील सांगवान ने गांव कालूवाला के सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नेशनल बॉक्सिंग में कांस्य पदक विजेता व अर्जुन अवार्डी नितेश लुहाच को सम्मानित किया। विधायक ने नितेश को देश का उभरता हुआ खिलाड़ी बताया और कहा कि नितेश ने पैरा ओलंपिक में गोल्ड जीतकर दादरी का नाम रोशन किया है। विधायक ने पदक विजेता नितेश लुहाच को फूलमाला पहनाकर जीत की बधाई दी और कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप लांबा, पूर्व बीडीसी भूपेश, डोहका मौजी सरपंच बजरंग शर्मा, रामपुरा सरपंच पुरुषोत्तम शर्मा, अटेला सरपंच जितेंद्र मान, पूर्व सरपंच नत्थूराम, सूबे सिंह, सुभाष आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** युवक-युवतियों ने ली टीबी के प्रति जागरुकता फैलाने की शपथ

# नियमित इलाज और दवाइयां लेने पर टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी : सचिव प्रदीप

■ विश्व क्षय रोग दिवस पर रैडक्रॉस भवन में जागरूकता सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** युवक-युवतियों को टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलवाते रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार। फोटो : हरिभूमि

विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा सोमवार को उपायुक्त एवं रैडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष महाबीर कौशिक के मार्गदर्शन में रैडक्रॉस भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने की। सेमिनार का उद्देश्य टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इसकी रोकथाम, उपचार और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देना था। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने टीबी के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने बताया कि क्षय रोग एक संक्रामक बीमारी है, जो समय पर सही इलाज न मिलने पर गंभीर रूप ले सकती है। उन्होंने बताया कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, बशर्ते मरीज इलाज को पूरा करे और नियमित दवाई लें। इसके अलावा पोषण और स्वच्छता पर जोर दिया, ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाया जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की टीबी मुक्त भारत अभियान जैसी योजनाओं के तहत मुफ्त जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया हुआ है, ऐसे कार्यक्रमों से समाज में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ती है और इस बीमारी के प्रसार को रोकने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन के लिए समुदाय की भागीदारी जरूरी है और अभियान तभी सफल होगा।

## खबर संक्षेप

### सेमी शूटिंग वॉलीबाल में बुसान की टीम अव्वल

**भिवानी।** चैंपियन डिफेंस अकादमी बहल द्वारा सेक्टर 23 में हर युवा को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। इस मौके पर प्रथम सेमी शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में शामिल 30 टीमों को धूल चटाते हुए प्रथम स्थान पर बुसान गांव की टीम को हराकर कब्जा किया। मोहित एलियन ने जीवट प्रतिभा को दिखाते हुए हर मैच में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। माइंड गेम के बादशाह मुनेश इंजीनियर ने अपना लोहा मैदान में भी मनवा ही लिया। प्रतियोगिता में नितिन, मोनार्क एवं जोगिंद्र जादू टीम मैनेजर उपस्थित रहे।

### स्वयंसेविकाओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेविकाओं ने अपना घर आश्रम का दौरा किया। उन्होंने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनकी देखभाल के अनुभव सांझा किए और सामाजिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद स्वयंसेविकाएं नरसिंहवास गांव पहुंची, जहां उन्होंने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और 'नशा मुक्ति' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नुक्कड़ नाटक और स्किट के माध्यम से जागरूकता फैलाई। उन्होंने गांव के मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया और प्रसाद वितरण भी किया।

### चाइनीज डोर की बिक्री व स्टोरेज पर प्रतिबंधित

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में चीन मांझा और नायलॉन या अन्य सिंथेटिक धागे से बने मांझे के उपयोग, भंडारण, खरीद और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। त्यौहारों व अन्य आयोजनों पर पतंग उड़ाने के दौरान हादसों की संभावना को देखते हुए जिलाधीश ने जनहित में जिले में धारा 163 लागू की है। चाइना डोर के इस्तेमाल से रास्ते में वाहनों पर आने जाने वाले लोग हादसे का शिकार होने की संभावना रहती है।

### बीपीएस स्टेपिंग स्टोन में मनाया वार्षिकोत्सव

**भिवानी।** बीपीएस स्टेपिंग स्टोन विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। समारोह में प्ले ग्रुप, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत किया। गणेश वंदना, राजस्थानी नृत्य व पंजाबी नृत्य ने उपस्थित परिजनों का मनमोह लिया। प्राचार्य ने बताया कि नन्हें-मुन्ने बच्चों ने वर्षभर अनेक प्रकार की सहशैक्षणिक गतिविधियों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**भिवानी।** दिल्ली वंडर वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव "कामयाबी" का भव्य आयोजन किया, जिसमें नन्हे बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्ले ग्रुप के बच्चों और उनके अभिभावकों ने आकर्षक रैंपवॉक से हुई, जिसने सबका मनमोह लिया। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षा के बच्चों ने अपनी उत्साहपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सागर तो खारे हैं बिल्कुल नदिया न हो जाए खाली

**भिवानी।** शहीद स्मृति सभा संस्था की स्वर्ण जयंती के अवसर पर शहीद स्मृति सभा एवं युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट भिवानी के संयुक्त तत्वावधान में शहीदी दिवस के अमर शहीद राजगुरु, सुखदेव और भगत सिंह की स्मृति में हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर प्रांगण के स्वामी विवेकानंद हाल में 50वां राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने रचनाओं के जरिए बुराइयों पर तंज कसा। ऋषिकेश से आए भूत शर्मा ने पानी की महता पर प्रकाश डाला। उनकी रचना की पंक्तियां थी ये अश्रु बहना बंद करो, हंसने की बारी हो जाए, सागर तो खारे हैं बिल्कुल, नदिया न खाली हो जाए सुनकर श्रोताओं में जमकर तालियों से कवि का स्वागत किया।

---

निजी स्कूलों की न्यूनतम फीस निर्धारित करने की मांग

# ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन कौंसिल ने अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक लगाने एवं उनपर ठोस कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** एडीसी को ज्ञापन सौंपते ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन कौंसिल के सदस्य।

निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने, अतिरिक्त शुल्क वसूलने और अनुचित नियम लागू करने, हर वर्ष एडमिशन फीस या नाम बदलकर सुविधा शुल्क व रजिस्ट्रेशन लेने के खिलाफ अभिभावकों में गहरी नाराजगी है। इसी मुद्दे को लेकर सोमवार को ह्यूमन राइट्स एंड एंटी करप्शन कौंसिल ने अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल को मांगपत्र सौंपा तथा नीजि स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने एवं न्यूनत्तम फीस निर्धारित करने की मांग की, जिससे गरीब का बच्चा भी शिक्षा ग्रहण कर सकें और निजी स्कूल संचालकों पर नकेल लग सके।

मांगपत्र के माध्यम से कौंसिल के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन व सरकार से नीजि स्कूलों की मनमानी फीस पर रोक लगाने, सभी नीजि स्कूलों की न्यूनत्तम फीस निर्धारित करने, हर साल एडमिशन फीस या सुविधा शुल्क पर रोक लगाने की मांग की गई। कौंसिल के चेयरमैन अधिवक्ता शिवकुमार बेडवाल, सचिव अधिवक्ता अजय संभ्रवाल, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता मुकेश ढाणीमाहू ने कहा कि जिला स्तर पर कमेटी गठित की जाए, नीजि स्कूलों में प्राईवेट प्रकाशन की किताबों पर रोक लगाई जाए तथा सत्र के बीच में स्कूल का अचानक दौरा कर बच्चों से जानकारी लेने, नीजि स्कूलों में अनुसूचित जाति वर्ग के बच्चों का दाखिला करने के लिए 20 प्रतिशत सीटे आरक्षित करने तथा अनुसूचित जाति के परिवारों की आय सीमा चार लाख रूपये सालाना निर्धारित करने, नीजि स्कूलों के शैक्षणिक स्टाफ चयन में अध्यापक पात्रता पास प्रमाण पत्र अनिवार्य करने, स्कूल में पहले से दाखिल विद्यार्थी की रजिस्ट्रेशन या दाखिला फीस का नाम बदलकर डवलेपमेंट चार्ज या सुविधा शुल्क बनाकर हर वर्ष अभिभावकों से 10 से 15 हजार रुपये फीस बटोरकर उनपर आर्थिक बोझ डालने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए।

#### निजी स्कूलों में छापेमारी महज दिखावे तक सीमित

कौंसिल के चेयरमैन बेडवाल, सचिव संभ्रवाल, अधिवक्ता मुकेश, महेंद्रपाल यादव, एडवोकेट विजय सुई ने कहा कि अक्सर ऐसा होता हैं कि अधिकारियों द्वारा स्कूलों में छापेमारी के नाम पर दिखावा किया जाता हैं और छापेमारी से पहले ही निजी स्कूल संचालकों को सूचित कर दिया जाता हैं, ताकि वे बच्चों से प्राइवेट प्रकाशक की किताबों को लेकर इधर उधर छिपा दें और छापेमारी में कुछ भी न मिले। निजी स्कूल संचालक नए सत्र में दाखिला फीस, रजिस्ट्रेशन व सुविधा शुल्क के नाम पर करोड़ों रुपये एकत्रित करते हैं और प्राइवेट प्रकाशन से भी कमीशन लेकर अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ डलवाने का काम करते हैं। इन सबकी सख्ती से जांच होनी चाहिए। शिक्षा एक मौलिक अधिकार है,जो निजी स्कूल संचालकों की मनमानी के कारण व्यवसाय बनकर रह गया हैं और गरीब के बच्चों से शिक्षा दूर होती जा रही हैं।



#### सम्राट राणा सांगा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के विरोध में भड़का राजपूत समाज, किया प्रदर्शन

**भिवानी।** समाजवादी पार्टी के राज्य सभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राज्यसभा में हिन्दू हृदय सम्राट राणा सांगा के खिलाफ अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी किए जाने व राजपूतो के गौरवशाली इतिहास को व हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुचाये जाने के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों ने यहां लघु सचिवालय के बाहर एकत्रित होकर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सभी अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर अतिरिक्त उपायुक्त को जिला बार एसोसिएशन प्रधान संदीप तंवर व सचिव विनोद भारद्वाज की अगुवाई में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद द्वारा इस प्रकार अमर्यादित टिप्पणी से राजपूतों के गौरवशाली इतिहास व हिन्दू भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन को सभापति द्वारा तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सम्राट के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी।


**भिवानी।** ज्ञापन सौंपती आशा वर्कर्स व साथ अन्य संगठनों के पदाधिकारी।

## आशा वर्कर्स ने केन्द्रीय मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

- बकाया वेतन व वेतन बढ़ोतरी की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आशा वर्कर्स एवं फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर 73 दिन चली हड़ताल के दौरान का रुका हुआ मानदेय व वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर जिलेभर की आशा वर्कर्स ने केन्द्रीय स्वास्थय मंत्री जेपी नड्डा को मांगों का ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुनीष व संचालन जिला सचिव सुशीला ने किया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आशा वर्कर्स को पक्का सरकारी कर्मचारी घोषित करने की मांग की। उल्लेखनीय हैं कि आशा वर्कर्स लंबित मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं और वे आयदिन धरना, प्रदर्शन, पुतले फूंककर विरोध जताते का कार्य कर रही हैं और सरकार से लंबित मांगों को लागू करने की मांग करती आ रही हैं। आशा वर्कर्स सरकार पर कर्मचारी विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि एनएचएम को स्थायी स्वास्थ्य कार्यक्रम बनाकर आशा कार्यकर्ताओं और सुविधा प्रदाताओं को 45वें व 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू कर आशा वर्कर्स को सरकारी पक्का कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। उन्होंने कहा कि छह माह का सवेतन मातृत्व अवकाश, 20 दिन का आकस्मिक अवकाश और चिकित्सा अवकाश सुनिश्चित किया जाए, पेंशन तक कोई सेवानिवृत्ति नहीं जाएं, आशा कार्यकर्ताओं की वरिष्ठता के आधार पर अन्य पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित की जाए।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में सीटू नेता सुखदेव पालुवास, किसान सभा नेता कामरेड ओमप्रकाश, रचना, सरोज, शीला, शीला, सुमन, मोनिका, मुनेश देवी, राजबाला, मीना व भतेरी आदि शामिल हुई।

---

## एसडीएम ने किया मंडी का निरीक्षण

- एसडीएम डॉ. नैन ने विधिवत रूप से सरसों खरीद कार्य का किया शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम


**तोशाम।** सरसों की ढेरी की नमी देखते एसडीएम। *फोटो : हरिभूमि*

सरसों की खरीद व्यवस्था को लेकर एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने अनाज मंडी का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। एसडीएम डॉ नैन ने तोशाम अनाज मंडी में विधिवत रूप से सरसों खरीद कार्य का शुभारम्भ भी किया। एसडीएम डॉ अशवीर नैन सोमवार दोपहर को अनाज मंडी में पंहुचे और सरसों खरीद कार्य की विधिवत शुरूआत करवाई।

इस दौरान एसडीएम ने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं को भी जाना और सम्बंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि मंडी में फसल बिक्री में कोई समस्या आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से फसल सुखाकर मंडी में लाने की अपील की ताकि खरीद एजेंसियों को कोई परेशानी न हो। एसडीएम डॉ नैन ने मंडी में बिजली और पानी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। नैन ने आढ़तियों की समस्याओं को भी जाना। एसडीएम डॉ नैन ने बताया कि सरसों का 5950 रुपये प्रति क्विंटल सरकारी रेट निर्धारित किया गया है। किसान अपनी फसल मंडी में टोकन कटवाकर बेच सकता है।

## सज्जनपुर की बेटी ने जीता कांस्य पदक

- सरपंच प्रतिनिधि नरेश चाहर प्रदीप चाहर ने सभी गांव वासियों को शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा


**बवानीखेड़ा।** प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली प्रीति व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

खेलों इंडिया पेरागेम्स ज्वाहरलाल नेहरू स्टेडियम में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खंड बवानी खेड़ा के गांव सज्जनपुर की बेटी प्रीति पुत्री जयवीर कुड़ी ने कैटेगरी नंबर एफ 41 के अंतर्गत शॉट पुट थ्रो प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी लड़कियों को पछाड़ते हुए एक कांस्य पदक अपने नाम किए, उपरोक्त जानकारी देते हुए व्यायामशाला इंचार्ज आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर पैरा एथलीट खेलों में यह एरिया में सबसे पहले एक कांस्य पदक लेने वाली प्रीति पहली एथलीट बनी है. कांस्य पदक मिलने की सूचना मिलते ही सभी गांव वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई, प्रीति के (कोच अरुण राणा) और आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक, कृष्ण कुमार मास्टर, गंगाधर सिंह सॉलथ,कर्मबीर सिंह, हनुमान फौजी, पितराम कुड़ी पूर्व सरपंच महेश सोलथ, गांव के वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि नरेश चाहर प्रदीप चाहर ने सभी गांव वासियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस प्रकार के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कोच और सामाजिक संस्था अपना भाईचारा क्लब ने उपस्थित खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

## प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

- राज्य स्तरीय पहली सब जुनियर हरियाणा स्टेट मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप में सोनीपत अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** नेटबाल प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

कलिंगा निजी स्कूल में हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित करवाई गई राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप के तहत तीसरी सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईव नेटबॉल चैंपियनशिप, तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईव नेटबॉल चैंपियनशिप तथा पहली सब जुनियर हरियाणा स्टेट मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप का समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे रोहतक से पहुंचे समाजसेवी सतपाल टांक तथा विशिष्ट अतिथि स्कूल की संचालिका रेणुका शर्मा, नेटबॉल एसोसिएशन भिवानी के अध्यक्ष पवन कौशिक, हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के प्रधान हरिओम कौशिक, भिवानी नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव सोनम ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया।

#### भिवानी की टीम तृतीय

नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव दहिया ने बताया कि तीसरी सीनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईव नेटबॉल चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग में रोहतक ने सोनीपत को 30-20 के अंतर से तथा तीसरे स्थान पर भिवानी की टीम रही। इसी इवेंट की महिला वर्ग में सोनीपत ने रोहतक को 31-24 के अंतर से हराया तथा तीसरे स्थान पर कैथल की टीम रही। तीसरी सब जूनियर हरियाणा स्टेट फास्ट फाईव नेटबॉल चैंपियनशिप के लडके वर्ग में सोनीपत ने रोहतक को 26-18 के अंतर से हराया तथा तीसरे स्थान पर भिवानी की टीम रही। वही इस इवेंट की लडकी वर्ग में सोनीपत ने झज्जर को 25-19 के अंतर से हराया।

## शॉटपुट में मुस्कान ने जीता स्वर्ण पदक

- स्वर्ण पदक के साथ ही मुस्कान ने पैरा एशियन गेम्स का टिकट किया पक्का : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** पदक विजेता मुस्कान श्योराण।

भिवानी की मुस्कान श्योराण ने नई दिल्ली में चल रहे पैरा खेलों इंडिया में शॉटपुट में 4.92 मीटर शॉटपुट फेंककर स्वर्ण पदक जीतकर पैरा एशियन गेम्स का टिकट पक्का कर लिया है।

अब मुस्कान श्योराण पैरा एशियन गेम्स में हिस्सा लेकर देश का नाम रोशन करेंगी, जबकि प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर राजस्थान की खिलाड़ी को 1.4 मीटर से पीछे छोड़ते हुए मुस्कान ने स्वर्ण पदक हासिल कर हरियाणा का झंडा बुलंद किया। मुस्कान के पिता रमेश श्योराण ने बताया कि पिछले दिनों ही मुस्कान ने नेशनल में भी गोल्ड मेडल जीता था, इससे पहले 2024 में पैरा नेशनल चैंपियनशिप गुजरात में मुस्कान स्वर्ण पदक जीत चुकी है। पैरा गेम्स शॉटपुट में मुस्कान ने नेशनल में गोल्ड मेडल जीतकर ही शुरूआत की थी। उन्होंने बताया कि गेम के साथ-साथ मुस्कान सैनिक हाई स्कूल से 10वीं कक्षा की पढ़ाई भी अच्छे प्रदर्शन से कर रही है। रमेश श्योराण ने बताया कि मुस्कान को गेम के लिए बलवान डीपीई ने प्रेरित किया तथा मदन कोच ने मुस्कान की प्रतिभा को तराशने का काम किया। राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक के उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सांगवान भी उन्हें व उनकी बेटी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहते हैं।

---

विकास कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखें अधिकारी: एसडीएम

# एसडीएम ने बीडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

- एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने बीडीपीओ कार्यालय पंहुचकर गांवों में चल रहे विकास कार्यों की जानी प्रगति रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम


**तोशाम।** निरीक्षण के दौरान बीडीपीओ कार्यालय के कर्मचारियों से जानकारी लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने सोमवार को बीडीपीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम डॉ नैन ने महिला एवं बाल विकास और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी सवा दो करोड़ की राशि से जुड़े विकास कार्यों को शुरू कर त्वरित पूरा किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने कहा कि पैसे का सदुपयोग हो और अधिकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का ध्यान रखें। एसडीएम डॉ अशवीर नैन ने बीडीपीओ कार्यालय पंहुचकर सर्वप्रथम हाजरी रजिस्टर चैक करते हुए उपस्थित कर्मचारियों व अवकाश पर रहे कर्मचारियों की स्थिति जानी। ततपश्चात उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से गांवों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली। एसडीएम डॉ नैन ने बताया कि महिला एवं बाल विकास और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा हाल ही में खंड तोशाम व कैरू के लिए करीबन सवा दो करोड़ की राशि जारी की गई है। एसडीएम ने उक्त राशि से जुड़े विकास कार्यों को अतिशीघ्र शुरू करवाकर पूरा किए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम डॉ नैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का ध्यान रखें। गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्माण सामग्री का उपयोग करने पर ही विकास कार्य का जनता को लाभ मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि विकास के कार्य जनता की दहलीज और दरवाजे तक पहुंचने चाहिएं। ऐसा करने से संबंधित को तो फायदा होगा ही साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाएं, परियोजनाएं और नीतियां भी सही मायने में फलीभूत हो सकेंगी।

#### रिकॉर्ड पूरा रखें

एसडीएम ने इस दौरान कर्मचारियों को कार्यालय में सफाई रखने और समय पर लोगों के काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों से विभागीय कार्य के बारे में जाना और समय पर अपना कार्य और रिकार्ड पूरा करने के लिए कहा। एसडीएम ने कर्मचारियों से कहा कि कार्यालय में लोगों को कोई समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर बीडीपीओ कार्यालय के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी

भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।

- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथपी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बने।

Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT

मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863